कार्यालय आयुक्त गुरूद्वारा निर्वाचन, हरियाणा,

प्लाट नं0 9, प्रथम तल, डी.एच.एल. स्केयर, सैक्टर–22, पंचकूला

Tele:0172-4004268 Email:gurdwaraelectionhry@gmail.com Web: https://gurdwaraelectionshry.in.

आम सूचना

हरियाणा राज्य में रहने वाले सभी सिखों को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची तैयार करने के लिए जिन्होंने पहले अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत किए हैं उन्हें निम्नलिखित स्व घोषणा भी प्रस्तुत करनी होगी:-

> **"यह कि मैने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची मे अपना नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन पत्र दिया है/दे रहा/रही हूं और मैं सत्य निष्ठा, ईमानदारी और धर्म से यह घोषणा करता/करती हूं कि मैं सिख हूं और मैं केवल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी और दस गुरु साहिबान को मानता/मानती हूं तथा मेरा अन्य कोई धर्म नही है"**

उन्हें सलाह दी जाती है की वह अपनी स्व घोषणा ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित पटवारी और शहरी क्षेत्रों में नगरपालिका के सचिव या अन्य किसी अधिकारी/कर्मचारी जो नाम दर्ज करवाने के लिए अधिकृत किया गया है के पास प्रस्तुत करें। उन्हें यह भी सूचित किया जाता है की यदि वह स्व घोषणा प्रस्तुत नही करेंगे तो उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नही किया जायेगा। स्व घोषणा फार्म की प्रति संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के पास उपलब्ध है। इसकी प्रति कार्यालय की वेबसाइट https://gurdwaraelectionshry.in. पर भी उपलब्ध है।

जस्टिस एच.एस.भल्ला
आयुक्त, गुरुद्वारा निर्वाचन, हरियाणा